卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 65 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦12 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कोर्ट परिसर में दुष्कर्म पीड़िता ने गटका जहर

### मचा हड़कम्प, पीड़िता को सिविल अस्पताल में भर्ती

रुड़की(उद ब्यूरो)। यहां एक दुष्कर्म पीड़िता ने कोर्ट परिसर में कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे मौके पर हड़कम्प मच गया। पीड़िता कोर्ट में तारीख पर आई थी। उसे गंभीर हालत में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उसकी उपचार चल रहा है । जानकारी के अनुसार भगवानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी युवती ने 20 सितंबर 2023 को भगवानपुर थाने में रोलाहेड़ी थाना भगवानपुर निवासी तैयब पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। दुष्कर्म के बाद महिला गर्भवती हो गई थी। इस मामले में भगवानपुर थाना पुलिस ने 9 नवंबर को दुष्कर्म के आरोपित तैयब को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। पुलिस ने इस मामले में 18 नवंबर को आरोपित के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए थे। पीड़िता चार माह की गर्भवती है। कुछ समय पहले पीड़िता ने गर्भपात करने के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसकी कोर्ट में तारीख चल रही थी। मंगलवार को पीड़िता अपने परिवार के साथ रुड़की की रामनगर स्थित कोर्ट में तारीख पर आई थी। इसी दौरान उसने अपने साथ लाया (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपाईयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

गदरपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेसी सांसद साहू के ठिकानों से करोड़ों रूपये बरामद होने पर क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपा कार्यकर्ता शिव मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए और सैकड़ो की संख्या में वहां से जुलूस निकालकर गूलरभोज चौराहे पर एकत्र होकर उन्होंने कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया और कांग्रेस और राहुल गांधी सोनिया गांधी मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। भाजपा विधायक अरविंद पांडे ने आरोप लगाया कि झारखंड से कांग्रेस के एक राज्यसभा के सांसद से जुड़ी शराब की कंपनी पर आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान जप्त नगदी से यह पता चल गया है कि कांग्रेस और नया गठबंधन इंडिया पूरी तरीके से भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। श्री पांडे ने कहा कि सांसद धीरज प्रसाद साहू के परिवार के ठिकानों पर आयकर अधिकारियों को साढ़े 300 करोड़ से ऊपर नगदी बरामद की है। इससे यह सिद्ध हो जाता है कि कांग्रेस पूरी तरीके से भ्रष्टाचार में लिप्त है और सच्चाई यह है कि यह कारनामा कांग्रेस का एक छोटा सा काम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सोनिया राहुल को इसका जवाब देना होगा कि यह किसका पैसा है और कहां से लूट है।श्री पांडे ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों पर आरोप लगाने वाले सोनिया कांग्रेस और राहुल भ्रष्टाचार के माध्यम से जमा किए हुए इन पैसों का जवाब दें।इतनी बड़ी नगदी बरामद होने पर पूरा देश हैरान है। पुतला (शेष पृष्ठ सात पर)



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## श्रेय लेने के लिए जनता को गुमराह कर रहे हैं बेहड़ः शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय प्रबंध परिषद के नामित सदस्य एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने वर्तमान विधायक तिलक राज बेहड़ पर हमला बोलते हुए कहा है कि विकास के मुद्दे पर राजनीति करें। उनके द्वारा विकास की जो गाथा किच्छा विधानसभा क्षेत्र में लिखी गई है उसको आगे बढ़ाने का प्रयास करें ताकि आने वाले समय में किच्छा की जनता उन्हें फिर से अपना सिरमौर चुन ले। उन्होंने कहा कि किच्छा शुगर चीनी मिल को चालू करने या ना करने का कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। मुद्दा यह है कि किसानों का हित कौन देख रहा है। उन्होंने कहा कि विगत 20 वर्षों का किच्छा चीनी मिल पेराई सत्र का उनके पास रिकॉर्ड है। वर्तमान विधायक की सरकार के दौरान ही किच्छा शुगर चीनी मिल का पेराई सत्र दिसंबर में ही शुरू हुआ है। वर्तमान में 6 दिसंबर को मिल चालू किए जाने को लेकर जिस प्रकार वर्तमान विधायक द्वारा आम जनता को गुमराह किया जा रहा है वह उचित नहीं है। कहा कि चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ करने का श्रेय लेना उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना की किसानों के गन्ने का मूल्य भुगतान करना है। चीनी मिल को घाटे से उबारना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में चीनी मिलों को घाटे से उबारने के लिए ऋण दिया जाता था जिस वजह से चीनी मिल और घाटे में चले जाती थी किंतु भाजपा सरकार के शासनकाल में चीनी मिलों को अनुदान उपलब्ध कराया गया जिससे चीनी मिलों को घाटे से उबारा जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नादेही, बाजपुर और किच्छा चीनी मिल को घाटे से उबालने के लिए 25 करोड रुपए का अनुदान दिया है जिससे चीनी मिलों का संचालन सुचारू रूप से (शेष पृष्ठ सात पर)



## मां प्रेमी के साथ हुई फरार बेटी ने जहर खाकर दी जान

देहरादून(उद संवाददाता)। एक महिला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई महिला की नाबालिग बेटी इसे बर्दाश्त नहीं कर पाई। बेटी ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। मृतका के पिता ने इस मामले में कोतवाली रुड़की पुलिस को तहरीर दी है। इसमें उसने बेटी की मौत के लिए अपनी पत्नी और पत्नी के प्रेमी को जिम्मेदार ठहराया है। कोतवाली रुड़की के अंतर्गत एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी का किसी व्यक्ति से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने पत्नी को कई बार समझाया लेकिन वह नहीं मानी। उल्टा वह घर छोड़कर अपने प्रेमी संग फरार हो गई। उसकी एक 14 साल की बेटी है। मां के प्रेमी के साथ चले जाने से उसकी बेटी इतनी ज्यादा दुखी हुई कि उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दे दी। उपचार के लिए उसे अस्पताल भी ले जाया गया था लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। व्यक्ति का आरोप है कि उसकी बेटी की मौत उसकी पत्नी और पत्नी के प्रेमी के कारण ही हुई है। उन्होंने उसे आत्महत्या के लिए उकसाया है। पीड़ित ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## दो किलो गांजे के एक गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने चौकिंग अभियान के तहत बाईक से गांजे की तस्करी करते एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपदभर में चलाये जा रहे अवैध नशे के विरूद्ध अभियान के तहत कुंडा थाना पुलिस ने बीती रात्रि चौकिंग के दौरान पल्सर वाईक पर सवार एक युवक पुलिस को देख बाईक को तेजी से पीछे की और मोड़ने की कोशिश करने लगा जिसे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी बाईक संख्या यूके18एन 3021 की टंकी में रखे भरे प्लास्टिक के कट्टे से दो किलो अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शाहरूख पुत्र शमशुद्धीन निवासी महेशपुरा मजरा कालौनी काशीपुर बताया। आरोपी ने बताया कि वह उक्त गांजा दानिश उर्फ दाड़ा निवासी मजरा कालौनी वर्क फैक्ट्री वाली गली निवासी काशीपुर से कम दामो पर खरीद कर उँचे दामों पर बेचने हेतु सरबरखेड़ा क्षेत्र मे बेचने जा रहा था। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी में जुटी है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल, उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल नरेश चौहान, हरीश प्रसाद व कैलाश काला शामिल रहे।

## पुराने पीपल के वृक्ष को काटकर किया तहस-नहस

### वन विभाग के रेंजर डी एस रजवार ने लिया संज्ञान

काशीपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर रोड पर आलू फार्म के समीप देर रात एक फार्मर ने हाईवे के किनारे लगे पुराने पीपल के हरे-भरे वृक्ष को समूल जड़ काटकर तहस-नहस कर दिया। इस घटना के बाद से हिंदू समाज के तमाम लोगों में आक्रोश फैला जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों समेत स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक बाजपुर रोड पर आलू फार्म के समीप प्रगति होटल के ठीक सामने हाईवे के किनारे एक पुराना पीपल का वृक्ष लगा था। पीपल के वृक्ष से हिंदू समाज की तमाम अस्थाऐं जुड़ी होती हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक तमाम लोग इसी वृक्ष के नीचे प्रत्येक शनिवार को दीप प्रज्वलित किया करते थे। मृत्यु के उपरांत पीपल के वृक्ष में संस्कार से संबंधित कई क्रियाएं भी की जाती है इसके बावजूद बाजपुर निवासी हरदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति (शेष पृष्ठ सात पर)



## शादी का झांसा देकर किया दुष्कम

रूद्रपुर (,उद संवाददाता)। शादी का झांसा देकर युवक द्वारा युवती का तीन वर्ष तक शारीरिक शोषण किया गया। बाद मे से शादी करने से मुकर गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने बताया कि 3 साल पहले उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई थी। तब से वह शादी का झूठा झासा देकर उसके साथ लगातार शरीरिक सम्बन्ध बनाता रहा। ढेड़ साल पहले वह उसके घर आया माता पिता से शादी की बात की उसने कहा कि फरवरी 2023 में शादी कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## पूल कर नगर निगम को लगाई करोड़ों की चपत

### टेंडरों में अनियमितताओं के आरोप, डीएम समेत शासन में भी शिकायत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निवर्तमान मेयर रामपाल के कार्यकाल के अंतिम दिनों में जारी हुए 112 विकास कार्यों पर तलवार लटक सकती है। 13 करोड़ के इन टेंडरों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए वार्ड नं. 36 के निवर्तमान पार्षद रंजीत सागर ने जिलाधिकारी सहित शासन में भी शिकायत करते हुए जांच की मांग की है। बता दें निवर्तमान मेयर रामपाल के कार्यकाल के अंत में आयोजित बोर्ड की बैठक में 112 विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित किये गये। 13 करोड़ लागत के इन विकास कार्यों के टेंडर भी जारी हो गये। अब इन टेंडरों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। वार्ड नं. 36 के निवर्तमान पार्षद रंजीत सागर ने इस मामले में जिलाधिकारी सहित मण्डलायुक्त, मुख्यमंत्री , शहरी विकास मंत्री और राज्यपाल को शिकायती पत्र प्रेषित किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि दो दिसम्बर को ही नगर निगम का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। नगर निगम प्रशासन द्वारा नवम्बर माह में बजट न होने के बावजूद विकास का हवाला देते हुए 112 विकास कार्यों के टेंडर जारी किये जबकि नगर निगम पर ठेकेदारों का कई करोड़ रूपये की देनदारी बकाया है। यही नहीं मेयर रामपाल ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन एक दिसम्बर को नगर निगम प्रांगण में सभी विकास कार्यों का सामूहिक रूप से पत्थर लगाकर शिलान्यास भी नगर निगम के प्रशासनिक अधिकारियों की गैरमौजूदगी में कर दिया। निवर्तमान पार्षद ने कहा है कि टेंडर प्रक्रिया का यदि गहनता से अध्ययन करें तो स्पष्ट होता है कि आज से पहले जो भी विकास कार्यों के टेंडर नगर निगम प्रशासन द्वारा जारी किये हैं वह निर्धारित रेट से 15 से 30 प्रतिशत कम दामों में ठेकेदारों को दिये गये हैं। जबकि इस बार सभी ठेकेदारों द्वारा एकजुट एक राय होकर पूल बनाकर टेंडर अधिकतम 4 प्रतिशत कम रेट पर ही तय किये गकये हैं। निवर्तमान पार्षद ने शिकायत में कहा उन्हें ज्ञात हुआ है कि सभी कार्यों के वर्कआर्डर कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी बैकडेट में जारी कर दिये जायेंगे। जिससे सरकार को करोड़ों रूपये का नुकसान होगा तथा ठेकेदारों को अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाने के लिए इस सारी प्रक्रिया को आंजाम दिया गया है। शिकायत में इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर टेंडर प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की गयी है। फिलहाल पूरी टेंडर प्रक्रिया अब संदेह के घेरे में आ गयी है जिसके चलते 13 करोड़ के विकास कार्य लटक सकते हैं।



# अमृत काल के प्रत्येक क्षण का हो उपयोग:मोदी

## प्रधानमंत्री ने विकसित भारत @ 2047 से जुड़े आइडियाज पोर्टल को किया लॉंच

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयोजित विकसित भारत/2047: वाईस ऑफ यूथ कार्यक्रम में राजभवन देहरादून से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत/2047 से जुड़े आइडियाज पोर्टल का लॉंच किया। अपने वर्चुअल संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के जीवन में, इतिहास एक मौका देता है जब राष्ट्र अपनी विकास यात्रा में तेजी से प्रगति कर सकता है। भारत में 'अभी अमृत काल चल रहा है' और 'यह भारत के इतिहास का वह कालखंड है जब देश एक लंबी छलांग लगाने जा रहा है'। उन्होंने आस-पास के कई देशों का उदाहरण दिया जिन्होंने एक निर्धारित समय सीमा में इतनी लंबी छलांग लगाई कि विकसित राष्ट्र बन गए। उन्होंने कहा कि भारत के लिए यही समय है, सही समय है। उन्होंने कहा कि इस अमृत काल के प्रत्येक क्षण का उपयोग किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे भारत (इंडिया) की शुरूआत आई यानी 'मैं' से होती है वैसी ही आइडिया यानी विचार की शुरूआत भी आई यानी 'मैं' से होती है। इसी तरह विकास के विचार भी स्वयं के 'मैं' से शुरू होते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के पश्चात राजभवन में उपस्थित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति, कुलपति, शिक्षक एवं छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री पूरे विश्वास के साथ 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की बात करते हैं और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समस्त देशवासियों को साथ लेकर मेहनत कर रहे हैं, मुझे लगता है कि हम इस लक्ष्य को 2047 से पहले ही प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने कहा कि समर्थ युवाओं का निर्माण सशक्त राष्ट्र की निर्माण की सबसे बड़ी गारंटी होती है, इसलिए मैं शिक्षकों से भी कहना चाहता हूँ कि वे बच्चों को स्वच्छंद वातावरण दें, उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा करें, ताकि वह हमेशा कुछ नया सीखने और करने का साहस कर सकें। आज देश जैसे जैसे विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है भारत की पहचान और परंपराओं में भी दुनिया की दिलचस्पी बढ़ रही है इसलिए हमें योग, आयुर्वेद, कला संस्कृति से भी अपनी नई पीढ़ी को परिचित करवाना होगा, ताकि वे संस्कार युक्त शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व सरकार के द्वारा देश को विकसित बनाने के भाव का बीजारोपण हुआ है, और आप सब जानते हैं जो व्यक्ति पेड़ लगाता है ना, वो उसका फल नहीं खाता, बल्कि उसकी आने वाली पीढ़ी उन फलों का स्वाद चखती है, ये कार्य भी कुछ ऐसा ही है, आने वाले समय में जब देश वर्ष 2047 में प्रवेश करेगा तो आप सब अपनी मध्यवस्था में होंगे, और आज जिस बीज का रोपण हुआ है, उस बीज को विशालकाय वृक्ष के रूप में देखेंगे, उसकी छाँव में जीवन गुजर बसर कर रहे होंगे, इसलिए इस यात्रा में आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। देश की आप से भी बड़ी अपेक्षाएं हैं आप अपने अपने क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए आजादी के 100 वर्ष के उत्सव को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए विकसित भारत संकल्प के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए संकल्प लें। प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन के पश्चात पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 4 विभिन्न विषयों पर पैनल परिचर्चा का आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न कुलपतियों द्वारा अपने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किये गये। प्रथम सत्र में 'संपन्न एवं टिकाऊ अर्थव्यवस्था' विषय पर पैट्रोलियम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राम शर्मा, इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रामकरण सिंह, जीबी पंत विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं डीन डॉ. के. रावेरकर, एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान की प्रो. नीतू बोरा शर्मा ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने परिचर्चा के दौरान सशक्त जीडीपी, जीडीपी के साथ जीईपी एवं कृषि क्षेत्र का अर्थव्यवस्था में योगदान, महिला सशक्तिकरण से आर्थिक सशक्तिकरण का वर्णन किया। सत्र का संचालन आईएमएस यूनिसन के कुलपति डॉ. रवि के श्रीवास्तव ने किया। द्वितीय सत्र में "नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी" विषव पर यूटीयू के कुलपति डॉ. ओंकार सिंह, आईआईटी रुड़की के डीन प्रो. अक्षय द्विवेदी, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. संजय जसोला, एनआईटी श्रीनगर के डीन डॉ. हरिहरन मुत्थू स्वामी ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने परिचर्चा के दौरान डिजिटल इंडिया, कौशल विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, विश्वविद्यालयों के मध्य टेक्नोलॉजी एवं स्टूडेंट ट्रांसफर आदि पर प्रकाश डाला। सत्र का संचालन डॉ. राम शर्मा ने किया। तृतीय सत्र में "दुनिया में भारत" विषय पर दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ए.के. त्रिपाठी, एच.एन.बी. गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. रमेश चन्द्र भट्ट एवं उत्तरांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. धर्मबुद्धि ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने परिचर्चा के दौरान मातृ शक्ति एवं युवा शक्ति का समन्वय, भारत की अविरल संस्कृति, वैश्विक स्तर पर भारत की स्वीकार्यता एवं भारत के जीवंत लोकतंत्र पर प्रकाश डाला। सत्र का संचालन आईआईएम काशीपुर के प्रो. अभ्रदीप मैती ने किया। चतुर्थ सत्र में "विकसित भारत/2047 में युवाओं की भूमिका एवं योगदान" विषय पर पैट्रोलियम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुनील राय, स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.विजय धस्माना एवं डीआईटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जी. रघुराम ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने परिचर्चा के दौरान युवा छात्रों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करने के तरीके, देश की 65 प्रतिशत आबादी की औसत आयु युवा वर्ग के होने के लाभ एवं सभी विश्वविद्यालयों को एकजुट माध्यम से विकसित उत्तराखण्ड एवं विकसित राष्ट्र बनाने के कार्यक्रमों की योजना बनाने पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधि परामर्शी श्री राज्यपाल श्री अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव श्री राज्यपाल श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, एचएनबी राजकीय चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हेमचंद्र, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन.के. जोशी, संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश शास्त्री, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओ.पी.एस. नेगी, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्योगिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. परविंदर कौशल सहित राजकीय और निजी विश्वविद्यालयों के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।








## जलवायु परिवर्तन दुनिया के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक: डा. जोशी

देहरादून (उद संवाददाता)। सतत विकास मंच उत्तरांचल (एसडीएफयू) हिमोत्थान सोसाइटी के समर्थन में,दून लाइब्रेरी एंड रिसर्च सेंटर, और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने छठे आर एस टोलिया फोरम 2023 का आयोजन किया। विषय था 'ग्रामीण उत्तराखंड में अभिनव आजीविका: सर्वोत्तम प्रथाएं और आगे की राह'। डॉ बीके जोशी संस्थापक निदेशक व वर्तमान सलाहकार, दून लाइब्रेरी एंड रिसर्च)द्वारा महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया गया । डॉ. जोशी पूर्व वीसी कुमाऊं विश्वविद्यालय और काउंसिलर एसडीएफयू हैं। उनके व्याख्यान के मुख्य बिंदु ये थे : पर्वतीय क्षेत्रों के जिलों के साथ-साथ विकास में भी काफी अंतर है मैदानी क्षेत्र। उन्होंने कहा कि हमें जन केंद्रित विकास और स्थानीय संसाधनों पर आधारित देखना होगा । उन्होंने यह भी कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। किसी भी प्रकार के विकास के लिए हिमालय को ध्यान में रखना होगा। आनंद स्वरूप (विज्ञापन सचिव ग्रामीण विकास एवं सीईओ) द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन) सरकार महिलाओं को बढ़ावा दे रही है राज्य में ग्रामीण विकास. डिजिटल सखी और श्पशु सखी जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखंड के उत्पादों को कॉमन ब्रांड हाउस ऑफ हिमालय के तहत बेचा जाएगा ।उपरोक्त कार्यशाला होटल इंदरलोक, देहरादून में आयोजित की गई । इसमें राज्य सरकार के अधिकारी, नागरिक समाज के व्यवसायी और सदस्य ग्रामीण समुदाय शामिल रहे। कार्यशाला का उद्देश्य हितधारकों के बीच चर्चा के लिए संवाद को सुविधाजनक बनाना है। ग्रामीण नवोन्वेषी आजीविका पर सर्वोत्तम अभ्यास, ग्रामीण क्षेत्र में पिछले दो दशकों का मापन आजीविका और उत्तराखंड की पुनर्कल्पना, इसकी चुनौतियाँ और आगे का रास्ता। कार्यशाला चार समानांतर सत्रों में उत्तराखंड में सामुदायिक भागीदारी के साथ विभाजित थी। कार्यशाला में श्री आनंद स्वरूप (विज्ञापन सचिव ग्रामीण विकास एवं सीईओ) ने भाग लिया उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन), पंकज नैथानी (विज्ञापन निदेशक, निदेशालय)। अर्थशास्त्र और सांख्यिकी विभाग), डॉ. मालविका चौहान, अजय जोशी (श्रमयोग), डॉ. कमल सिंह (पूर्व सीईओ पशुधन बोर्ड)चांसलर एसआरएचयू), श्री एनएस नपलच्याल (पूर्व मुख्य सचिव उत्तराखंड, डॉ. एन रविशंकर (पूर्व मुख्य सचिव उत्तराखंड), कु. विभा पुरी दास (पूर्व सचिव)भारत सरकार), डॉ. जीएस रावत (पूर्व डीन,डब्ल्यूआईआई और उपाध्यक्ष एसडीएफयू), सुश्री बिनीता शाह, सुश्री ऋचा घनसियाल, अनूप नौटियाल, डॉ. राजेंद्र कोश्यारी (हिमोत्थान सोसायटी), जेआईसीए परियोजना, हिमोत्थान सोसाइटी, श्रमयोग, दून लाइब्रेरी एन्ड रिसर्च सेंटर, टेरी, बिजू नेगी,डॉ.योगेश धस्माना,चंद्रशेखर तिवारी और कई समितियों से जुड़े कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। संचालन विनीता शाह ने किया।




## हादसे में यूपी के पहलवान की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। यूपी निवासी एक पहलवान की बाइक के खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर से बाइक सवार पहलवान की मौत हो गई। गदरपुर में देर शाम हुए हादसे की सूचना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश रामपुर के थाना स्वार ग्राम मोहल्ला चक निवासी पहलवान मोहम्मद आरिफ (45) देर सोमवार देर शाम को अपनी बाइक से रुद्रपुर से अपने घर स्वार जा रहे थे। जब वह गांव झगडपुरी से करीब 100 मीटर आगे पहुंचे तो मुख्य मार्ग एक ट्रैक्टर ट्राली संख्या यूके 18 ई-8988 खड़ी थी। इसके चलते उनकी बाइक सवार टैक्टर ट्राली से सीध े जा टकराई। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बीच वहां हादसा देख एक अन्य वाहन के स्वामी बलवीर कंबोज तुरंत वहां रुके और घायल को अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मोहम्मद आरिफ को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची पुलिस ने मृतक की पेंट की जेब में मिले मोबाइल से मृतक के परिजनों से संपर्क किया। तब उसकी शिनाख्त हुई। हादसे की सूचना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि मोहम्मद आरिफ मसाला बेचने का भी काम करता था। मृतक आरिफ क्षेत्रीय स्तर के कई दंगलों में यूपी में पहलवानी कर चुके थे। उनके यूट्यूब चैनल में कई दंगल की कुश्ती की वीडियो हैं। मृतक के गांव स्वार निवासी पूर्व सभासद जमील अंसारी के अनुसार इनका पुश्तैनी व्यवसाय नल लगाना है। मोहम्मद आरिफ भी पहलवानी के साथ-साथ नाल लगाने का काम भी करते थे। मोहम्मद आरिफ अपने पीछे तीन बेटे एक बेटी और पत्नी को रोता भी बिलखता छोड़ गए हैं। उनकी मौत के बाद उनके परिवार के सामने आर्थिक संकट भी उत्पन्न हो गया है।



## महिला आयोग की अध्यक्ष ने उपकारागार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कण्डपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने 9 नवम्बर को महिला नीति की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि महिला नीति से प्रदेश की मातृशक्ति के समग्र विकास एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से देवभूमि में महिलाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु इस योजना को कार्यान्वित किया है। इस महिला नीति से महिलाओं को सामाजिक एवं राजनैतिक तथा आर्थिक तौर पर सशक्त करना है। अध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग कुसुम कण्डवाल सोमवार को उपकारागार हल्द्वानी का निरीक्षण कर उपकारागार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला कैदियों से उनकी समस्याओं के बारे में रूबरू हुई। उपकारागार में उन्होंने महिला कैदियों को जेल में दी जा रही मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया गया कि उपकारागार में वर्तमान में 77 महिला कैदी रह रही हैं। उन्होंने महिला कैदियों को खाने-पीने के लिए दिया जाने वाला भोजन, चिकित्सकीय उपचार व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जेल प्रशासन द्वारा कैदियों को जो व्यवस्थायें दी रही है। श्रीमती कण्डवाल व्यवस्थाओ से संतुष्ट दिखी। निरीक्षण के दौरान महिला कैदियों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि उनका यहां आने का केवल एक ही उद्देश्य है कि वे महिला कैदियों की समस्याओं से रूबरू हो सकें व उनकी समस्याओं का निवारण कर सकें। यदि किसी भी महिला कैदी को यहां रहने में किसी प्रकार की कोई परेशानी हो, तो वे बेझिझक उन्हें बता सकती हैं। उन्होंने कहा जेल में कैदी महिलाओं को स्वरोजगार हेतु जोडने का कार्य किया जा रहा है ताकि जेल से बाहर आकर महिलायें अपना स्वरोजगार कर आर्थिकी को मजबूत कर सकें। उन्होंने कहा कि इसके लिए जेल में महिलाओं के लिए रोजगार परक प्रशिक्षण दिया जायेगा ताकि महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोडा जा सके। निरीक्षण दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, शान्ति भटट तथा जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार आदि मौजूद थे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# कार्बेट व राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क में विकास कार्यों की राह खुली

## उत्तराखंड में संरक्षित क्षेत्रों में वन एवं वन्यजीव संरक्षण के दृष्टिगत होने वाले आवश्यक कार्यों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने हटाई रोक

देहरादून। कार्बेट व राजाजी टाइगर रिजर्व समेत राज्य के छह संरक्षित क्षेत्रों में अटके 45 निर्माण कार्य अब प्रारंभ हो सकेंगे। उत्तराखंड के आग्रह पर सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ इन कार्यों पर लगी रोक हटा दी है। वन विभाग के मुखिया प्रमुख मुख्य वन संरक्षक अनूप मलिक ने इसकी पुष्टि की। कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत बहुचर्चित पाखरो टाइगर सफारी प्रकरण के बाद राज्य के सभी संरक्षित क्षेत्रों में निर्माण कार्यों पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। कोर्ट ने अब यह स्पष्ट किया है कि जो कार्य वन विभाग की ओर से बताए गए हैं और जो वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए आवश्यक हैं, केवल वही कार्य किए जाएं। कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग के पाखरो में टाइगर सफारी के लिए अवैध कटान व अवैध निर्माण के साथ ही हर स्तर पर नियमों की अनदेखी के बहुचर्चित प्रकरण का सुप्रीम कोर्ट की सेंट्रल इंपावर्ड कमेटी (सीईसी) ने संज्ञान लिया था। सीईसी ने प्रकरण से जुड़े विविध पहलुओं की पड़ताल के बाद सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रकरण में सुनवाई करते हुए उत्तराखंड में टाइगर रिजर्व, वन्यजीव अभयारण्य व राष्ट्रीय उद्यानों में निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी थी। यह आदेश इसी वर्ष आठ फरवरी को जारी हुआ था। इस बीच राज्य के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक ने इस आदेश के क्रम में सुप्रीम कोर्ट और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से यह जानकारी देने का अनुरोध किया कि जो कार्य पहले से स्वीकृत हैं। राज्य के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक ने ये भी पूछा कि वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए आवश्यक हैं, उन पर कार्य किया जा सकता है अथवा नहीं। साथ ही राजाजी व कार्बेट टाइगर रिजर्व समेत छह संरक्षित क्षेत्रों में होने वाले 45 आवश्यक कार्यों की सूची भी दी। हाल में इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पुराने आदेश में संशोधन करते हुए इन 45 कार्यों पर लगी रोक हटा दी। इससे वन विभाग को राहत मिली है। आरके सुधांशु, प्रमुख सचिव वन विभाग के अनुसार संरक्षित क्षेत्रों में वन एवं वन्यजीव संरक्षण के दृष्टिगत होने वाले आवश्यक कार्यों के लिए विभाग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। राजाजी टाइगर रिजर्व :- बुलंदावाला व आमसोत में हाथी रोधी दीवार, डोडा फायर क्रू-स्टेशन का विस्तार, रवासन में रेंज कार्यालय व आवास, बेरीवाड़ा व कांसरो में रेंज आवास, टीरा, कांसरो व रवेली में आवास, बुलंदावाला में एंटी पोचिंग कैंप, विभिन्न स्थानों पर नदी संरक्षण के कार्य। कार्बेट टाइगर रिजर्व :- ढिकाला, कांडा, फिका, तुनुचौकी, फुलई, ढेला, मलानी पूर्वी, सेंधीखाल, सालखेत, गूजरसोत, टूना चौकी मोटासाल में जलापूर्ति, सावल्दे उत्तरी में हाथी रोधी ट्रेंच, रिंगोडा, धनगढ़ी व कालागढ़ में सोलर फेंसिंग, कालागढ़ में हाथी रोधी दीवार, बारवाली, रामजीवाला में सोलर पंप और सिलधरी, चोरपानी, फाटो व पटेरपानी में वॉच टावर। केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य :- कांचुलाखर्क व भूलकाना में पेट्रोलिंग कैंप, स्यूंचंद में जल स्रोत संरक्षण, बमारधोर में चेकडैम, घूसा में भूमि संरक्षण। गंगोत्री नेशनल पार्क :- भोजवासा व नेलांग में वन आरक्षी चौकी। गोविंद वन्यजीव अभयारण्य :- जूडाताल, सांकरी व रूपिन में एंटी पोचिंग कैंप। नंदा देवी नेशनल पार्क :- रिखोटानाला में भूमि संरक्षण फूलों की घाटी नेशनल पार्क :- पिनखांडा में जल संरक्षण का कार्य शामिल है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## पुलिस को बताई ससुरालियों के उत्पीड़न की दास्तां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिलाएं पुलिस को दिए शिकायती पत्र में सौरालियो द्वारा किए गए उत्पीड़न एवं जेठ की अश्लील हरकतों की विस्तार से जानकारी देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि उसका विवाह करीब 04 वर्ष पूर्व भूरारानी निवासी व्यक्ति के साथ हुआ था। विवाह के बाद एक सन्तान उत्पन्न हुई। उसका जेठ मकान जबरन हडपना चाहता है। जिसमे पति, सास, ससुर एवं जेठानी भी शामिल है।9 दिसंबर को जेठ ने सास, ससुर, जेठानी एवं पति के साथ हमसाज होकर उसे अकेला पाकर जान से मारने की नियत से लोहे की राउ से जानलेवा हमला किया। जिस पर थाना रुद्रपुर में उसकी रपट हुई है। रिपोर्ट दर्ज कराने से जेठ, जेठानी, सास व ससुर एवं पति द्वारा एक राय होकर पुनः उसे मारा पीटा तथा 10 दिसंबर को रात्रि में जेठ संजय साहनी शराब पीकर उसके कमरे में घुस आया और अश्लील हरकतें करने लगा। वह चीखी चिल्लाई तभी पति, सास, ससुर, जेठानी आ गये और सभी उसे मारते हुये चुप कराने लगे और कहने लगे कि अगर तूने इसके बारे में किसी को बताया तो तुझे जान से मार देगें। किसी तरह वहां से भागकर अपने मायके पहुँची। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नाबालिग का यौन शोषण

काशीपुर(उद संवाददाता)। नाबालिग का यौन शोषण कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुटी है। प्रतापपुर क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पांडे कालोनी गोपीपुरा निवासी जगदीश पुत्र विजेन्द्र ने उसकी 16 साल की नाबालिग पुत्री का यौन शोषण कर उसके साथ मारपीट कर जान से मारनेकी धमकी दी है। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जगदीश के खिलाफ धारा 323, 354, 504, 506 आईपीसी तथा 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।



## विभिन्न क्षेत्रों में अहम योगदान देने वाली 40 महिलाएं हुई सम्मानित

विकासनगर(उद संवाददाता)। तेजस्विनी बिजनेस एसोसिएशन एंड चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा तेजस्विनी नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि माया ग्रुप आफ कालेज की एमडी तृप्ति जुयाल सेमवाल और समाजसेवी रूपा शर्मा व नगरपालिका विकासनगर अध्यक्षा शांति जुवांठा ने शिरकत की। इस मौके पर फाउंडर तेजस्वानी प्रिया गुलाटी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कामकाजी और प्रेरणा स्रोत महिलाओं के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और अतिथियों के तौर पर मौजूद महिलाओं के साथ ही कार्यक्रम में शिरकत करने वाली नारी शक्ति ने अपने जीवन में आए उतार चढ़ाव के साथ ही अपने संघर्ष की कहानी को बयां किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रें में अहम योगदान देने वाली प्रेरणा स्रोत 40 महिलाओं को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह और पौधे देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए मुख्य अतिथि तृप्ति जुयाल ने जहां कार्यक्रम आयोजकों की इस पहल की सराहना की तो वहीं उन्होंने नारी शक्ति से भी अपने अपने क्षेत्रें के आगे आने का आह्वान किया। वहीं ट्रस्ट की संचालिका दीपा चावला ने बताया कि ट्रस्ट का मकसद महिलाओं को आत्मनिर्भर तो बनाना ही है, साथ ही आत्मनिर्भर महिलाओं को प्रोत्साहित करना भी है। ताकि वह अपने प्रयासों को और बेहतर कर सके, जिससे उनका आना वाला कल भी संवर सके। कार्यक्रम में सेपियंस स्कूल की प्रधानाचार्या रश्मि गोयल, डा- मीना जैन, सुमन भारद्वाज, ममता अग्रवाल, प्रिया गुलाटी, दीपाली चावला, सविता, ममता रानी, दीपा चावला , सोनिया आदि मौजूद रहे।







## व्यापारी सन्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंडी समिति स्थित एक आढ़त के ताले काटकर अपने ताले लगाने और चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर लुधियाना होजरी के स्वामी सन्नी अरोड़ा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी सन्नी पर आढ़त कब्जाने, सामान चोरी करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। दर्ज रपट में संजय पारूथी ने कहा है कि उसकी नवीन मडी मे मै. गोपाल दास देशराज के नाम से आढ़त है। वह पिछले 34 वर्षों से मंडी में आढ़त का कारोबार कर रहा है। 4 दिसंबर को लुधियाना हौजरी अग्रसेन चौक के स्वामी सरदार सन्नी अरोड़ा 18-20 लोगों को लेकर उसकी आढ़त में घुस गया और जबरन बोरे उतारने शुरू कर दिए। जब इसका विरोध किया तो सन्नी ने मंडी समिति की ओर से दी प्रवेश पर्ची और अनुमति दिखा दी। उसने बताया कि वह वार्ड नंबर चार गदरपुर में रहने वाली रश्मि अरोरा के प्रतिनिधि के तौर पर आया है। संजय का कहना है कि उसका रश्मि अरोरा के साथ प्रबंध निदेशक कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड रूद्रपुर की अदालत में वाद विचाराधीन है। निदेशक ने यथा स्थिति बनाए रखने के मौखिक आदेश दिए थे। लेकिन उनके आदेशों की अवहेलना की गई है। इसके बाद उसने मंडी चौकी में तहरीर दी तो सलाह दी गई। शिकायत जब मंडी सचिव से की तो उन्होंने ताले खुलवाने का भरोसा दिया, लेकिन शाम को उक्त लोगों ने आढ़त के ताले काटकर अपने ताले लगा दिए। इसके बाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद एसडीएम ने छह दिसंबर को दुकान को सील कर दिया। नौ दिसंबर को एसडीएम की मौजूदगी में सील खोली गई तो दुकान से मॉनीटर, डीबीआर, वाईफाई मॉडम, इंवर्टर, गल्ले से भी 65 हजार की नकदी सहित कई कागज गायब थे।

## योजनाओं का लाभ पहुंचाने गांव गांव पहुंची संकल्प यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखंड बाजपुर की ग्राम पंचायत इटव्वा एवं गजरौला एवं सितारगंज की ग्राम पंचायत टुकड़ी एवं कैथुलिया, रुद्रपुर की ग्राम पंचायत मटकोटा एवं बिंदुखेड़ा, गदरपुर की ग्राम पंचायत अमरपुर एवं खानपुर पूर्व, जसपुर की ग्राम पंचायत बैंतवाला एवं मिस्सरवाला में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में बहुउद्देशीय शिविर के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग नलकूप विभाग खाद्य विभाग, पेयजल विभाग,समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग द्वारा स्टाल लगाई गई। उक्त आयोजित कार्यक्रमों में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आई.ई.सी प्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया साथ ही मौके पर लाभार्थियों को संबंधित विभागों द्वारा राज सहायता पर निवेशों/सामग्रियों का वितरण भी किया गया। समस्त कार्यक्रमों में लाभार्थियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव साझा किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में हेल्थ कैंप भी लगाए गए जिसमें लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। समस्त विभागों द्वारा विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।





## जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला ऐतिहासिक कार्य : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय का जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के संबंध में दिया गया फैसला केन्द्र सरकार के देशहित एवं जम्मू-कश्मीर व लद्दाख के समग्र विकास हेतु लिए गए निर्णय पर मुहर है। उन्होंने कहा कि भारत की संप्रभुता, एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का जो ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह द्वारा किया गया उसे आज माननीय उच्चतम न्यायालय ने भी सही ठहराया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से जम्मू-कश्मीर के लोग देश की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे तथा राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही निवेश बढ़ेगा और राज्य के हर क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलेंगे।

## बैंक में सेंधमारी करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

रूड़की। लालकुर्ती स्थित बैंक में सेंध लगाकर स्ट्रांग रूम तोड़ने का प्रयास करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से एक चाकू भी बरामद किया है। इस मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले की गिरफ्तार कर चुकी है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के लालकुर्ती में पंजाब नेशनल बैंक में 25 नवंबर की रात को चोरों ने सेंधमारी कर स्ट्रांग रूम तोड़ने का प्रयास किया था। चोर बैंक के पीछे की दीवार तोड़कर अंदर दाखिल हुए थे। चोरों ने स्ट्रांग रूम तोड़ने की भरसक कोशिश की थी लेकिन कामयाब नहीं हो पाए थे। चारों की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

# क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्कूल का वार्षिकोत्सव 'क्रिम्सन क्रिसलिस'

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल में प्रथम वार्षिक उत्सव 'क्रिम्सन क्रिसलिस' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चीफ एजुकेशन आफिसर दलेल सिंह राजपूत, क्रिम्सन मैनेजमेंट टीम की एक्जीक्युटिव चेयरपर्सन श्रीमती फरजाना दोहाद वाला, डायरेक्टर कीर्ति शर्मा , नेशनल मार्कैटिंग एंड एच. आर.हैड़ मिस एना , नार्थ रीजनल मैनेजर- सर्वजीत सिंह एवं उप-प्रधानाचार्या श्रीमती चित्रा शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की थीम 'परिवर्तन का आगाज' थी, जिसका उद्देश्य उन्नति के शीर्ष तक पहुॅचने के लिए हमें नित नए बदलावों से परिचित कराना, स्वस्थ समाज की स्थापना करना व क्रांति लाकर आदर्श प्रस्तुति के लिए प्रेरित करना था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ गणेश स्तुति के साथ उनका आशीर्वाद प्राप्त करके किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की इस संध्या वेला में नाटक ,गतका, भांगडा व नृत्य के द्वारा समॉं बॉंध दिया। नन्हें -मुन्ने बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। 2022-23 अकादमिक में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि व विद्यालय प्रबंधन की ओर से सर्टिफिकेट व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।यह समय सभी माता-पिता और गुरुजनों के लिए हृदय को पुलकित करने वाला व गौरवमयी था। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा दी गई प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं भविष्य में बुलंदियों तक पहुॅचने की हृदय से कामना की। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने बच्चों के चहुॅमुखी विकास के लिए प्रयत्नशील रहने का आश्वासन दिया। चेयर पर्सन श्रीमती फरजाना दोहादवाला ने सभी बच्चों , अभिभावकों एवं शिक्षकों के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की व क्रिम्सन परिवार को पल्लवित व पुष्पित करने का संकल्प लिया। इस संध्याकालीन कार्यक्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी दलेल सिंह , श्रीमती फरजाना दोहादवाला, मिस एना ,मिस कीर्ति एवं सर्वजीत सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।








# काठगोदाम और रामनगर से बांद्रा मुम्बई ट्रेन सप्ताह में दो दिन चले: विक्की योगी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मानव विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के पूर्व सदस्य विक्की योगी एवं साथियों द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष नैनीताल प्रताप सिंह बिष्ट के माध्यम से केंद्रीय पर्यटन रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार एवं नैनीताल सांसद अजय भट्ट को काठगोदाम मुंबई स्पेशल ट्रेन जो बंद कर दी गई है को पुन: चालू करने एवं रामनगर बांद्रा मुंबई इन दोनों ट्रेनों को सप्ताह में 2 दिन करने हेतु ज्ञापन दिया गया। योगी ने ज्ञापन में कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन और फिल्म आय के स्रोत बढ़ाने के सशक्त माध्यम है सौंदर्य वातावरण खूबसूरत प्राकृतिक लोकेशन को देखते हुए बॉलीवुड के फिल्म का इस सौंदर्य को कैमरे में कैद करना चाहते हैं। स्वच्छ जल, स्वच्छ वायु, खूबसूरत मौसम के चलते दुनिया भर के पर्यटकों का रुझान उत्तराखंड की तरफ है। मुंबई, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान से होते हुए काठगोदाम तक डायरेक्ट फिल्मकार एवं पर्यटक इस ट्रेन से आना चाहते हैं। लेकिन उनको यह सुविधा रेगुलर नहीं मिल पा रही है। सप्ताह में एक समर स्पेशल ट्रेन काठगोदाम से मुंबई चली थी। जिससे थोड़ी सी राहत मिल रही थी। वह भी बंद कर दी गई है। दूसरी ट्रेन रामनगर से बांद्रा मुंबई सप्ताह में एक बार जाती है जिससे पर्यटकों यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रिजर्वेशन भी नहीं मिल पाता। पंतनगर हवाई अड्डे से कोई भी हवाई यात्रा मुंबई के लिए डायरेक्ट नहीं है। यातायात सुविधा सुद्रढ नहीं होने से फिल्मकार, पर्यटक अन्य राज्यों में जाते हैं। गुजरात और मुंबई में लगभग 18 लाख उत्तराखंडी प्रवासी लोग हैं। जो ट्रेन असुविधा के चलते हुए परेशान है। इसलिए यातायात को सुलभ करना बहुत जरूरी है। श्री योगी ने पर्यटन रक्षा राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट को ज्ञापन देते हुए आशा जताई की वह शीघ्र उचित कार्यवाही जरूर करेंगे। ज्ञापन की प्रति प्रधानमंत्री, रेल मंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को भी पत्र एवं ईमेल के माध्यम से भेजा गया है। जिसमें काठगोदाम से मुंबई और रामनगर से बांद्रा मुंबई सप्ताह में दो बार ट्रेन को सुचारू रूप से चलाएं जाने हेतु निवेदन किया है। दूरभाष में वार्तालाप के दौरान सांसद अजय भट्ट ने शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में जगजीवन कन्याल, रंगकमी ललित जोशी, रंजीत सिंह, मानसी मजगई, साक्षी बेलवाल, जितेंद्र मार्तोलिया, अतुल घुगुतियाल, बॉबी आर्या आदि उपस्थित थे।



# धारा 370 हटाने के निर्णय पर किया मिष्ठान वितरण

गदरपुर( उद संवाददाता)। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के केंद्र सरकार के निर्णय को माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा उचित ठहराने पर एकम सनातन दल कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई तथा दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार में नारेबाजी करते हुए एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर अपनी खुशी और संतोष जाहिर करते हुए उच्चतम न्यायालय को धन्यवाद दिया। एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डा.आर.के.महाजन ने कहा कि धारा 370 व 35। सन 50 के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं, नेहरू द्वारा लगाई गई थी जिससे कश्मीर घाटी में तब से




अलगाववाद की भावना प्रबल हो रही थी तथा आतंकवाद के चलते घाटी से 5 लाख कश्मीरी पंडितो को अपनी मातृभूमि छोड़नी पड़ी थी, 370 धारा के हटने के बाद जनजीवन सामान्य हो चला है। उपस्थित कार्यकर्ताओं में अमित ढींगरा,राजकुमार नैयर, गोपाल कश्यप,अमरीक सिंह, राजकुमार तिवारी,कुंवर सिंह, जसवंत सिंह,सागर कश्यप,अजय रावत,आदर्श जाटव,चेतराम सिंह, अंकुर कुमार,पंकज कुमार,कमल चंद्रा, मुकेश फौगाट,हरचरण सिंह, विनोद कुमार एवं मनोज कुमार शामिल रहे।

# मिल बांट कर खायेंगे सब वर्दी वाला चोर बना दो...

## बुलंदी साहित्यक सेवा समिति ने आयोजित किया कवि सम्मेलन

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति की ओर से नगर निगम में काव्य का महाकुंभ कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के माध्यम से संस्था के संस्थापक बादल बाजपुरी एवं संरक्षक पंकज शर्मा एवं विशिष्ठ अतिथि विकास पांडेय ने किया। आयरलैंड से आए हुए कवि अभिषेक त्रिपाठी ने काव्य पाठ करते हुए कहा कि -आपदा में अवसर दिलवा दो एक वर्दी मुझे सिलवा दो,मिल बांट कर खायेंगे सब वर्दी वाला चोर बना दो,कानपुर से आए कवि अजीत राठौर ने कहा,टुकड़े टुकड़े श्रद्धा कटती फिर भी श्रद्धा जिंदा है,पन्ने पन्ने कविता फटती फिर भी कविता जिंदा है । आगरा से आए नवीन आर्य ने कहा-शायद मेरी तरबियत का ही असर है मेरी शख्सियत पर,मैं दिल दुखाने वाले के भी दिल मे जगह बना लेता हूँ..। साथ प्रतिभागियों के रूप में ,अंजू शर्मा मथुरा, अक्षिता रावत कर्नप्रयाग , सुरभि खनेड़ा चमोली, मनोज देवदत्त,आगरा, रिंकू निगम दिल्ली, राशिद गाजीपुरी,नवीन आर्या की आगरा,गुंजन शर्मा , अनामिका चौकसे, हसन तुकबंदी ,हरीश शर्मा यमराज ,नीरज कुमार अंकुर साथ ही अन्य भी कवि मौजूद रहे जिन्होंने अपने अपने काव्य पाठ से खूब तालियां बटोरी। बुलंदी संस्था ने इससे पहले अक्टूबर 2022 में उत्तराखंड का सबसे बड़ा धरातलीय कार्यक्रम उत्तराखंड काव्य महोत्सव रुद्रपुर शहर में आयोजित करवाया था जिसमें देश भर से आए 300 कलमकार ने काव्य पाठ किया था बुलंदी ने वर्ष 2021 और 2022 में 207 घंटे और 400 घंटे अनवरत वर्चुअल कवि सम्मेलन आयोजित करवाकर दो बार विश्व वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुकी है जिससे इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया , बुलंदी संस्था उत्तराखंड के बाजपुर से संचालित होती हैं, जिसका उद्देश्य नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करना है और इसके लिए संस्था निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही हैं।






# कांग्रेस ने अनुसूचित समाज को छला: धामी

## भाजपा समर्थित अनुसूचित जाति प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी, अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वाधान में गढ़वाल संभाग के भाजपा समर्थित अनुसूचित जाति प्रतिनिधियों का सम्मलेन संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ध ामी ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अनुसूचित वर्ग में एक अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। जबकि आज तक काँग्रेस ने सिर्फ अनुसूचित समाज को गुमराह व छलने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अंतिम छोर पर बैठे लोगों तक राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की योजनाओं को पहुंचा रही है। सरकार अनुसूचित समाज के उत्थान को कटिबद्ध है। भाजपा सरकार की योजनाओं में अनुसूचित समाज के लिए आर्थिक एवं शैक्षिक में स्तर को बढ़ाया का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने डॉ अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुये जन प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वो मोदी व धामी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर भविष्य के भारत को अम्बेडकर के सपनों के भारत निर्माण करने में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते भाजपा, अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य ने कहा कि काँग्रेस ने अनुसूचित समाज की जनता की भावनाओं के साथ सदैव खिलवाड़ किया। काँग्रेस की नीति निर्धारकों द्वारा सदैव अनुसूचित समाज को सिर्फ अर्थिक व मानसिक गुलाम बनाने की रही है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प लिया गया है कि भविष्य का स्वर्णिम भारत निर्माण डॉ अम्बेडकर के सपनों के भारत निर्माण की परिकल्पना पर होने जा रहा है। दूसरे सत्र में वक्ता के रूप में काबिना मंत्री श्रीमती रेखा आर्य ने केंद्र द्वारा अनुसूचित जाति को मिल रहे लाभ पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कटिबद्धता अनुसूचित जाति समाज के लिये है, उनकी हर योजना अनुसूचित समाज को लाभान्वित कर रही है। सांसद द्वारा केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही अनुसूचित समाज के कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति उत्थान के लिये अत्यंत गंभीर व मार्मिक भाव के साथ कर कर रही है। उनके द्वारा सखह्त धर्मांतरण कानून पर प्रकाश डाला तथा अनुसूचित समाज के लिये चलाये गये स्वरोजगार योजना को बढावा देने के उद्देश्य से सब्सिडी बड़ाई गई है। आदित्य कोठारी प्रदेश महामंत्री गढ़वाल संभाग ने कहा कि भाजपा अनुसूचित समाज हित में कार्य करने हेतु कटिबद्ध है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खजान दास, शक्ति लाल शाह, दुर्गेशवर लाल, राज कुमार पोरी, भुपाल राम विधायक, श्रीमती अमर देई शाह व श्रीमती शान्ति देवी जिला पंचायत अध्यक्ष, सुश्री स्वराज विद्वान राष्ट्रीय मंत्री, अनुसूचित मोर्चा, देश राज, भागवत प्रसाद मनवाना, सुरेश राठौर, सुरेंद्र मोंघा पूर्व राज्य मंत्री सहित गढ़वाल संभाग से जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

## कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मैच काशीपुर ने जीता





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खेल निदेशालय उत्तराखण्ड के सौजन्य से जिला खेल कार्यालय, ऊधमसिंह नगर द्वारा स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के बालकों की जनपद स्तरीय कबड्डी का तीन दिवसीय आयोजन मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रूद्रपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भूपेन्द्र सिंह रावत, जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में गिरीश कुमार जिला क्रीड़ाधिकारी, हरीश राम सहायक प्रशिक्षक, कैलाश सिंह कनिष्ठ सहायक, आशीष डे कॉन्ट्रैक्ट फुटबाल प्रशिक्षक, सतनाम बाली, खेलो इण्डिया प्रशिक्षक इत्यादि उपस्थित थे। अनुसूचित जाति बालक कबड्डी प्रतियोगिता का प्रथम मैच काशीपुर एवं कूल्हा के मध्य खेला गया। जिसमें काशीपुर ने 21 अंक एवं कूल्हा 14 अंक प्राप्त किये।

## 10 लीटर शराब सहित एक गिरफ्तार



गदरपुर(उद संवाददाता)। अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम एवं करवाई हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी गदरपुर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के सकैनिया तिराहा गदरपुर से अभियुक्त बलवंत सिंह पुत्र बख्तावर सिंह निवासी खुशहालपुर सकैनिया थाना गदरपुर जिला उधम सिंह नगर कें कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया जिस संबंध में थाना गदरपुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम मैं मुकदमा पंजीकृत किया गया पुलिस टीम में कां.जीवन फुलेरा एवं रणवीर चौहान शामिल रहे।

## छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज के छात्रों ने एनएसएस स्वयंसेवियों के साथ मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवी विद्यालय के सभी क्षेत्र प्रीत विहार, बराड कॉलोनी, अपना एनक्लेव इत्यादि कॉलोनी में घूम-घूम कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इससे पहले विद्यालय में विद्यालय के प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे ने सभी स्वयं सेवी छात्रों को मतदान प्रक्रिया तथा वोटर लिस्ट इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा के नेतृत्व में सभी छात्रों ने बढ़ चढ़कर जागरूकता रैली में प्रतिभाग किया।




सभी छात्र 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो' 'हम सब ने यह ठाना है लोकतंत्र को मजबूत बनाना है' इत्यादि नारों के साथ लोगों को जागरूक कर रहे थे। रैली में विद्यालय के प्रधानाचार्य दया शंकरपांडेय, कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा, मनोज पांडे,कुलदीप गहलोत, कृपाल सिंह कंबोज, कृष्ण आर्य तथा विद्यालय के सभी छात्रों एवं स्वयं सेवियों इत्यादि लोगों ने प्रतिभाग किया।

## राजेश शुक्ला चौथी बार बने पंडित गोविंद बल्लभ पन्त विश्वविद्यालय प्रबंध परिषद के सदस्य



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा से विधायक रहे राजेश शुक्ला को महामहिम राज्यपाल की सहर्ष स्वीकृति व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी के अनुसंशा पर सरकार ने प्रगतिशील कृषक श्रेणी में पंतनगर विश्वविद्यालय प्रबंध परिषद का सदस्य नामित किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला विधायक रहते हुए दो बार तथा इससे पूर्व भी एक बार कुल तीन बार पंतनगर विश्वविद्यालय में प्रबंध परिषद के सदस्य रह चुके हैं। अब उन्हें चौथी बार यह सम्मान मिला है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला पंतनगर विश्वविद्यालय के छात्र थे तथा हमेशा विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों व मजदूरों व क्षेत्र के किसानों की समस्याओ के लिए समय समय पर प्रयासरत रहकर समाधान कराने का कार्य किया है। जिस कारण सरकार ने चौथी बार पंतनगर विश्वविद्यालय प्रबंध परिषद का सदस्य नामित किया है। वर्तमान में पंतनगर क्षेत्र से विधायक न रहते हुए भी जिस तरह से राजेश शुक्ला ने पंतनगर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, मजदूरों व किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए मुखर रहे हैं, इसी के दृष्टिगत उनके अनुभवों का लाभ पंतनगर विश्वविद्यालय एवं प्रदेश के किसानों को मिल सके। सरकार ने राजेश शुक्ला को प्रगतिशील कृषक श्रेणी में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय प्रबंध परिषद का सदस्य नामित किया है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने सरकार द्वारा प्रबंध परिषद का सदस्य बनाए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवन कृषि मंत्री गणेश जोशी का आभार व्यक्त किया। वहीं राजेश शुक्ला को सदस्य नामित किये जाने पर तमाम लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की है।

## 60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। नशे के विरुद्ध अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद फर्त्याल ,चौकी प्रभारी लालपुर सतीश कुमार शर्मा,हेड कॉ. आनंद गुवासिकोटी, कॉन किशोर कोहली, कॉन संजय जल्लाल, द्वारा चौकी लालपुर क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ सघन तलाशी अभियान चलाया गया। मुखबिर की सूचना पर महाराजपुर रोड पुलिया के पास अभियुक्त राजपाल पुत्र रामौतार निवासी ग्राम मसीत थाना भोजीपुरा बरेली हाल निवासी दूधिया नगर खाले पार थाना रुद्रपुर के कब्जे से एक काले रंग की ट्यूब में 60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार किया गया है।



## अवैध नशा कारोबारियों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई: रावत



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सभी पुलिस अधिकारी अवैध नशा कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर बाहरी लोगों का शत प्रतिशत सत्यापन करें। यह निर्देश पुलिस उप महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र डा.योगेंद्र सिंह रावत द्वारा परिक्षेत्र के समस्त जनपद प्रभारी के साथ हल्द्वानी कैंप कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान दिए। सम्मेलन में उन्होंने ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन:2025 के अन्तर्गत नशा तस्करों पर अंकुश लगाने हेतु सभी को अवैध नशा करोबारियों के खिलाफ सक्रिय रहकर जानकारी जुटाते हुये कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही नशे के खिलाफ जनपदों में चलाये जा रहे धरपकड अभियान को और अधिक प्रभावी करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत सभी को कड़े कदम उठाने, सोशल मीडिया पर भ्रामकता फैलाने वालों की लगातार निगरानी करने तथा बाहरी प्रान्तों से जनपद में निवासरत व्यक्तियों (किरायेदार, घरेलू नौकर, फड-फेरी, रेडी-ठेली आदि) के शत-प्रतिशत सत्यापन करने के निर्देश दिये। मासिक अपराधों की समीक्षा करते हुये उनके द्वारा सभी जनपद प्रभारियों को लम्बित विवेचनाओं, शिकायती प्रार्थना-पत्रों, सम्मन,वारण्ट व अहकामातों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये। वित्तीय/साईबर धोखाधडी व महिला अपराधों के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुये विवेचना में गुणवत्ता एवं सुधार लाने के निर्देश दिये गये। गोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंह नगर मंजूनाथ टीसी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा रामचंद्र राजगुरु, पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ लोकेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक बागेश्वर व पुलिस अधीक्षक जनपद चंपावत देवेंद्र पिंचा सहित परिक्षेत्र कार्यालय के अन्य अधिकारियों कर्मचारीयों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने संबंधी केंद्र सरकार के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय ने उचित करार दिया है। अदालत की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने का फैसला युद्ध जैसी स्थिति में तदर्थ उपाय के रूप में किया गया था। वह स्थायी व्यवस्था नहीं थी। उसे समाप्त करने का अधिकार राष्ट्रपति को था। हालांकि यह फैसला जम्मू-कश्मीर की सियासत में सक्रिय राजनीतिक दलों और कुछ अन्य विपक्षी दलों को रास नहीं आया है। मगर कर्ण सिंह ने इस फैसले का स्वागत किया और सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे इस फैसले को स्वीकार कर लें। कर्ण सिंह राजा हरि सिंह के बेटे हैं, जिनके शासन में जम्मू-कश्मीर का भारत गणराज्य में विलय हुआ और उसे अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जा दिया गया था। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से इस बात पर मुहर लग गई है कि केंद्र सरकार ने कोई असंवैधानिक फैसला नहीं किया। इस तरह जो राजनीतिक दल इस फैसले पर नाखुशी जाहिर कर रहे हैं, उन्हें भी देर-सवेर इसे स्वीकार करना ही पड़ेगा। अदालत ने स्पष्ट किया है कि जम्मू-कश्मीर को भारत के दूसरे राज्यों से अलग दर्जा नहीं दिया जा सकता। हालांकि अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का फैसला बहुत पहले हो जाना चाहिए था, मगर इसे एक सियासी मुद्दा बना दिया गया, जिसके चलते इसकी उलझनें बढ़ती गईं। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि इस अनुच्छेद के चलते ही अलगाववादी ताकतों को भी अपनी गोटियां बिछाने और पाकिस्तान के साथ नजदीकी बनाए रखने में मदद मिली थी। फिर जब भाजपा ने इस अनुच्छेद को समाप्त करने की मांग को अपने राजनीतिक एजंडे में शामिल कर लिया, तो दूसरे राजनीतिक दलों ने उसके विरोध में इसे कायम रखने की राजनीति शुरू कर दी थी। तर्क दिए जाने लगे कि जब पूर्वोत्तर के राज्यों को विशेष दर्जा दिया गया है, तो जम्मू-कश्मीर को देने में क्या हर्ज है। मगर इस तर्क में यह फर्क भुला दिया जाता रहा कि जम्मू-कश्मीर को प्राप्त विशेष दर्जा ठीक उसी प्रकृति का नहीं था, जो पूर्वोत्तर के राज्यों का है। निस्संदेह अनुच्छेद 370 समाप्त होने से जम्मू-कश्मीर भी देश की मुख्यधारा से जुड़ गया है और वहां सक्रिय अलगाववादी ताकतें कमजोर हुई हैं। इससे वहां विकास और नए रोजगार सृजन की संभावनाएं भी विस्तृत हुई हैं। इसीलिए स्थानीय लोगों में इसे लेकर वैसा विरोध नहीं दिखा, जैसा सियासी दलों की ओर से दिखता रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर को जल्दी राज्य का दर्जा वापस देने और अगले साल सितंबर तक चुनाव कराने की प्रक्रिया पूरी की जानी चाहिए। केंद्र इन दोनों बातों के लिए पहले से तैयार है। पिछले हफ्ते ही जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम को संसद में मंजूरी मिल गई। सरकार बार-बार दोहराती रही है और इस फैसले के बाद भी कहा है कि वह जल्दी ही राज्य का दर्जा वापस करेगी। इस तरह सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद उम्मीद जगी है कि इस दिशा में तेजी से प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। जम्मू-कश्मीर में लंबे समय से लोकतंत्र बाधित है, वहां चुनाव होने और उसे राज्य का दर्जा मिलने से स्थितियों में तेजी से बदलाव नजर आना शुरू होगा और वहां के लोगों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भरोसा बढ़ाने में कामयाबी मिलेगी। स्वाभाविक ही इस तरह चरमपंथी गतिविधियों पर भी नकेल कसी जा सकेगी।

# जातीय समीकरण साधने में सिमट गई भाजपा की राजनीति

मध्यप्रदेश में भाजपा के चुनाव जीतने के बाद मंत्री परिषद् की जिस तरह से गोटियां बिठाई जा रही हैं, उससे साफ है, भाजपा मध्य प्रदेश समेत राजस्थान उत्तर प्रदेश और बिहार को जातीय महत्व का संदेश दे रही है। सबसे पहला संदेश राजस्थान की कद्दावर भाजपा नेत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को है कि जब 163 सीटों की जीत दिलाने वाले शिवराज सिंह चौहान को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया, तो तुम किस खेत की मूली हो ? विधायक दल की बैठक में मोहन यादव को बिना किसी विरोध के नेता चुन लिया गया। स्वयं शिवराज ने उनके नाम का प्रस्ताव किया और जो सांसदी छोड़ मुख्यमंत्री बनने की कतार में थे, उन सबको समर्थन की विनम्र वाणी उच्चारित करनी पड़ी। यादव के मुख्यमंत्री बनने की घोषणा के साथ ही यह संदेश उत्तर प्रदेश के अखिलेश यादव और बिहार के तेजस्वी और तेजप्रताप यादव को चला गया कि यह यादवी विस्तार का यह शंखनाद भविष्य में इन दोनों प्रांतों में गूंजने वाला है। गोया, अखिलेश और तेजस्वी के यादवी वर्चस्व को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में उठाना पड़ सकता है ? गोया, मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद से विभूषित करने वाला यह नाम यूं ही घोषित नहीं किया गया है। भाजपा के पास मौजूदा वक्त में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और बिहार में कोई प्रमुख यादव नेता नहीं है, गोया, इस नाम के सहारे इन राज्यों में जो बंशी बजेगी, उसकी धुन से कांग्रेस, सपा, राजद और जनता दल में जो यादव बेचौन हैं, वे भाजपा की ओर लालायित होंगे। हालांकि मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाना अचरज में जरूर डालता है, लेकिन करीब एक साल पहले जब शिवराज सत्ता विरोधी रुझान से जूझ रहे थे, तब भी मुख्यमंत्री बदलने की स्थिति में मोहन यादव का नाम उछला था, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने बदला नहीं। क्योंकि इसके दूरगामी परिणाम झेलने पड़ सकते थे। भाजपा यदि प्रदेश में हारती तो कहा जाता यह हार मुख्यमंत्री बदले जाने के कारण हुई। यह आरोप मोहन को तो झेलना ही पड़ता, केंद्रीय नेतृत्व भी इस दोश के दायरे में आता। बहरहाल मोदी और शाह की जोड़ी ने मध्यप्रदेश में स्थिति सुधारने के नजरिए से बार-बार प्रदेश की यात्राएं करके कार्यकर्ताओं को तो सक्रिय किया ही, शिवराज को भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की खुली छूट दे दी। नतीजतन शिवराज ने प्रदेश को कर्ज में डुबोने की परवाह किए बिना, कई स्रोतों से कर्ज लिया और उसे बांटकर सत्ता हासिल करने की राह आसान कर ली। इसमें सबसे कारगर योजना लाडली बहना रही। इन्हीं बहनों ने भाजपा की नैया पार लगा दी। बावजूद शिवराज को ओबीसी होने के बावजूद मुख्यमंत्री इसलिए नहीं बनाया, क्योंकि जीत का श्रेय अकेले शिवराज को न मिल जाए ? गोया, छत्तीसगढ़ में आदिवासी चेहरे के रूप में विष्णु देव को मुख्यमंत्री बनाने के बाद, एकदम नए चेहरे मोहन यादव को प्रदेश की बागडोर सौंप दी। चूंकि छत्तीसगढ़ में आदिवासी विष्णुदेव को मुख्यमंत्री बना दिया था, इसलिए मध्यप्रदेश में फिर से ओबीसी कार्ड खेलना जरूरी था। शिवराज की जाति किरार-धाकड़ के बाद प्रदेश में दूसरा बड़ा समुदाय लोध ी है। इस समुदाय की उमा भारती मुख्यमंत्री बन चुकी हैं। प्रहलाद पटेल भी इसी समुदाय से आते हैं। उन्हें केंद्रीय मंत्री और सांसदी से इस्तीफा दिलाकर विधानसभा चुनाव लड़ाया गया। वे जीत भी गए। अतएव शिवराज के बाद ओबीसी चेहरे के रूप में दूसरी बड़ी दावेदारी उन्हीं की थी। किंतु इस चेहरे की फेंक लोकसभा चुनाव की दृष्टि से उपयुक्त साबित नहीं हो रही थी, लिहाजा नाम परिवर्तन जरूरी हो गया था। दरअसल केंद्रीय नेतृत्व उत्तरप्रदेश और बिहार में जातीय लाभ के साथ ऐसा चेहरा देना चाहता था, जो ओबीसी आरक्षण की काट तो लगे ही कांग्रेस और विपक्षी दलों के जातीय जनगणना के मुद्दे को भी भोंथरा साबित कर दे। हालांकि ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी खुद के लिए पिछड़ी जाती का कार्ड अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से खेलने की कोशिश की थी, लेकिन असफल रहे। दरअसल भाजपा दूरदृष्टि से काम ले रही थी, वह न केवल मध्यप्रदेश के यादव समुदाय को साधना चाहती थी, बल्कि उत्तरप्रदेश और बिहार के यादवों तक यह संदेश देना चाहती थी कि भाजपा का साथ दिया तो मोहन यादव जैसे साधारण कार्यकर्ता की तरह इन राज्यों में भी भाजपा बहुमत में आती है तो यादव ही मुख्यमंत्री का कार्ड खेल सकती है। गोया, इन प्रदेशों के अखिलेश और तेजस्वी से जुड़े यादव समूहों में भाजपा ने मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा का बीज बोने का काम कर दिया है। भाजपा का यह कार्ड सफल होता है तो नीतिश कुमार की कुर्सी को चुनौती पेश आ सकती है। मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर नरेंद्र मोदी ने संघ को भी साधने का काम किया है। क्योंकि बीच-बीच में ऐसी अफवाहें उड़ती रहती हैं कि संघ और भाजपा में दूरियां बढ़ रही हैं। मोहन छात्र रहते हुए 1984 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से जुड़े और 1993 में संघ के रास्ते पर चलते हुए भाजपा में आ गए। वर्तमान में भी प्रदेश में भाजपा के किसी प्रमुख नेता का मोहन पर बरदहस्त नहीं है। संघ में ये सुरेश सोनी के निकट होने के साथ संघ की नीतियों को आगे बढ़ाने वाले कर्मठ नेता माने जाते हैं, इसीलिए मोदी और शाह की पसंद हैं। मोहन यादव के चेहरे को महत्व देकर भाजपा ने उत्तर प्रदेश की पिछड़े वर्ग की 54 प्रतिशत आबादी को साधने की कोशिश की है। इसमें 20 प्रतिशत यादव समाज के मतदाता हैं। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटे हैं और प्रधानमंत्री बनने का मार्ग यहीं से खुलता है। बिहार में लोकसभा की 40 सीटे हैं। यहां पिछड़े वर्ग की कुल आबादी 63 प्रतिशत है, जिसमें 14 प्रतिशत यादव बताए जाते हैं। अतएव मोहन यादव के माध्यम से यादव मतदाताओं को साधने की यह कवायद आम चुनाव में भाजपा को लाभदायी साबित हो सकती है। जिन जगदीश देवड़ा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है, वे भी संघ के करीबी होने के साथ अनुसूचित जाति से आते हैं। अतएव इस चेहरे के साथ भी इस जातीय समुदाय के वोट लुभाने की पहल भाजपा ने की है। दूसरे उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला को बनाया गया है, जो प्रदेश में बड़ा ब्रह्मण चेहरा हैं। शिवराज मंत्रिमंडल में मंत्री होने के साथ विंध्य क्षेत्र के हर चुनाव में प्रमुख चेहरा रहने के साथ जीत की गारंटी भी बने रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मुख्यमंत्री की दौड़ में तो पिछड़ गए, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष की आसंदी पर बैठ गए। उन्हें नरेंद्र मोदी के करीबी और भरोसेमंद मंत्रियों में गिना जाता है। इसलिए चुनाव लड़ने वाने अन्य सांसदों को उन्होंने पीछे छोड़ दिया। तोमर के जरिए भाजपा ने क्षत्रीय कार्ड भी खेला है।

**प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**




# सीएम ने किया पीआरडी स्वयं सेवकों के आश्रितों को सहायता राशि का वितरण

## मासिक वर्दी भत्ता और मानदेय बढ़ाने की घोषणा

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून। प्रांतीय रक्षक दल के स्थापना दिवस का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुभारंभ किया। उन्होंने परेड की सलामी ली। इस दौरान सीएम धामी ने पीआरडी जवानों का हौसला बढ़ाया। पीआरडी जवानों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आपदा जैसी मुश्किल घड़ी में जवान डट कर सामना करते है। कहा इस हौसले की वजह से हम मिलकर मुश्किल हालात का सामना कर पाते हैं। वहीं समारोह में मौजूद मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि सीएम पीआरडी जवानों का मार्गदर्शन करते आए। उनका सहयोग हमें सदैव मिलता रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को देहरादून में प्रान्तीय रक्षक दल के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रैतिक परेड में शामिल होकर रैतिक परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने पीआरडी के घोष वाक्य 'अहमस्मि योध :' का लोकार्पण किया और पीआरडी स्वयं सेवकों के आश्रितों को सहायता राशि का वितरण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि पी.आर.डी. स्वयं सेवकों को प्रत्येक 02



वर्ष पर 01 गर्म वर्दी एवं 01 सामान्य वर्दी विभाग द्वारा दी जायेगी। प्रशिक्षण एवं पुर्नप्रशिक्षण के समय दी जानी वाली वर्दी की दर भी 1500 से बढ़ाकर 2500 की जाएगी।उन्होंने कहा कि सभी पंजीकृत डयूटी पर तैनात पी.आर.डी. स्वयं सेवकों को होमगार्ड स्वयं सेवकों की भांति 200/माह ड्यूटी दिवस के अनुमानित में धुलाई भत्ता दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर तैनात ब्लाक कमाण्डर एवं न्याय पंचायत स्तर पर तैनात हलका सरदार का मासिक मानदेय क्रमश: 600 एवं 300 से बढ़ाकर प्रतिमाह 1000 एवं 500 रू किया जायेगा। आपदा बचाव कार्य में तैनात पी.आर.डी. स्वयं सेवकों को 50/दिन की दर से अतिरिक्त मानदेय दिया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि पीआरडी स्वयंसेवक अपनी निरंतर सेवा और समर्पण भाव से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहयोग कर रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा कार्य, आपदा प्रबंधन और यातायात व्यवस्था में पीआरडी द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने भी विचार रखे। इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा 'काऊ' विशेष प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण अमित सिन्हा, निदेशक युवा कल्याण जितेन्द्र सोनकर एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।





# सीएम के कार्यक्रम में पीआरडी जवानों ने की नारेबाजी

## साल में नहीं मिल रहा है 300 दिन का काम कुत्ता घुमाने व बर्तन धुलवाने का आरोप लगाया

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रांतीय रक्षक दल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पीआरडी जवानों ने लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी की। कर्मियों का कहना था, उनके लिए साल में तीन सौ दिन काम की घोषणा हुई थी, पर काम नहीं मिला। कल्याण कोष के नाम पर भी हर महीने उनके मानदेय से 570 रुपये काटे जा रहे हैं। कार्यक्रम संपन्न होते ही जैसे ही सीएम पुष्कर सिंह धामी और विभागीय मंत्री रेखा आर्य लौटने लगे, कुछ पीआरडी जवान लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी करने लगे। प्रांतीय रक्षक दल संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीर सिंह रावत ने कहा, प्रदेश सरकार की ओर से तीन सौ दिन रोजगार देने की घोषणा को दो साल हो चुके हैं, लेकिन आधे जवान घर बैठे हैं। सार्वजनिक अवकाश के दिन डयूटी के बावजूद जवानों को अनुपस्थित दिखाकर वेतन काटा जा रहा। कहा, कल्याण कोष के नाम पर विभाग पहले 10 रुपये के अंशदान की कटौती करता था।अब हर महीने 570 रुपये कांटे जा रहे हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद व महासचिव अशोक शाह ने कहा, जवानों



के साथ अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी जवानों को डयूटी मिलनी चाहिए। आरोप लगाया, कोविड के दौरान डयूटी करने वाले कई जवानों की विभाग ने सेवाएं समाप्त कर दी। कहा, मांगों पर जल्द अमल न हुआ तो जवान निदेशालय में धरना देंगे। कुछ पीआरडी जवानों का आरोप है कि विभाग के अफसर कुत्ता घुमाने के साथ ही घर के बर्तन धुलवा रहे हैं। होमगार्ड को जो मानदेय व सुविधाएं दी जा रहीं, उसी तर्ज पर उन्हें भी मानदेय और सुविधाएं दी जाएं। युवा कल्याण विभाग के निदेशक जितेंद्र सोनकर ने कहा, पीआरडी जवानों का इस तरह का आरोप निराधार है। ऐसे जवानों के खिलाफ कार्रवाई होगी, उन्हें अपनी मांग को उचित फोरम पर रखना चाहिए था। कुछ पीआरडी जवानों के हंगामे के दौरान विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा ने जवानों के बीच जाकर उन्हें समझाने का प्रयास किया। कहा, उन्हें मांग पर अमल के लिए समय दिया जाए। यदि वे समय दें तो कुछ न कुछ हल निकाला जाएगा।



# बायो मेडिकल वेस्ट का मानकों के अनुसार करें निस्तारण: डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद में सभी चिकित्सालय, क्लीनिक बायो मेडिकल वेस्ट मानकों के अनुसार निस्तारण करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी रीना जोशी ने बॉयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमैंट की बैठक लेते हुए दिए। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी चिकित्सालय एवं क्लीनिक डीप बैरियल पिट व साफ पिट बनाकर बॉयो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण करें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित सभी प्राइवेट चिकित्सालय, क्लीनिक, लैब आदि का पंजीयन कराना सुनिश्चित करेंगे व उत्तराखण्ड् प्रदूषण बोर्ड में भी अपना पंजीकरण अवश्य करायेंगे। उन्होंने जनपद के सभी सरकारी चिकित्सालयों के साथ ही प्राइवेट चिकित्सालय, क्लीनिकों, लैबों आदि में जनरेट होने वाले बॉयो मेडिकल वेस्ट का सर्वे कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने समस्त चिकित्सा संस्थानों में जो 100 बेड से उपर के है उनमें ईटीपी/एसटीपी



बनानें हेतु निदेशालय को भी प्रस्ताव भेजने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में इसिंनरेटर प्लांट लगाने का प्रस्ताव भी स्वास्थ्य निदेशालय को भेजने के निर्देश दिए तांकि भूमि चिन्हित की जा सकें। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि बेरीनाग व थल चिकित्सालयों हेतु 02 मोबाइल इसिंनरेटर निदेशालय से आवंटित हुए है मगर अभी कोई संचालन हेतु गाईड लाईन प्राप्त नही हुई हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जो संस्था इसिंनरेटर लगायेगी वही पूरी गाईड लाईन बतायेगी। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को अन्य चिकित्सालयों हेतु भी मोबाइल इसिंनरेटर की मांग करने के निर्देश दिए तांकि जब तक जनपद में इसिंनरेटर की स्थापना नही होती है तब तक बॉयो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण किया जा सके।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एचएस ह्यांकी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मदन बोनाल, डा. रविशंकर, डा. राजेश गुंज्याल, डा. सिदार्थ पाटनी, डा. नरेन्द्र शर्मा, डा. सचिन प्रकाश, डा. राकेश रमन, डा. जेसी गणकोटी, डा. मयंक बिष्ट, डा. सरिता जोशी, डा. अतुल बिष्ट, डा. कमल किशोर पाण्डे, डा. कविता बिष्ट, क्वालीटी मैनेजर चन्दन पंवार चिकित्साधिकारी मौजूद थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची भगवानपुर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम भगवानपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत मोदी गारंटी प्रचार वाहन पहुंचा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में करने वाले लोगों तक भी पहुंचाया जा रहा है। श्री चुघ ने कहा कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी जा रही है साथ ही जिन लोगों को किसी भी विभाग से संबंधित कोई समस्या है तो उसका मौके पर समाधान



चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही तमाम जन समस्याओं का मौके पर निस्तारण भी किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के विधान सभा क्षेत्र के संयोजक एवं भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर संपूर्ण भारत वर्ष में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को प्रचार वाहन के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की संपूर्ण जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ दूरस्थ क्षेत्रों में निवास भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के पास पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आम जनता की सेवा के लिए निरंतर जुटे हुए हैं। इस दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट प्रधान सुमिता साहनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ऐसी मोर्चा राज कोली, शिवकुमार शिव्वु, सनी पासवान, अभिषेक, सुनीता सहनी, रश्मि राणा, सुनीता देवी, इंद्रावती देवी, रंजन त्रिपाठी, शीला, कविता, राखी जोशी, हेमा देवी, प्रमोद कुमार, परितोष सहित सैकड़ों ग्रामीण व विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**श्रेय लेने के लिए...**चल सके। उन्होंने कहा कि किच्छा चीनी मिल के पेराई सत्र को लेट होने का भ्रामक प्रचार किया गया है जबकि मिल के बायलर का निर्माण कार्य उच्च स्तर से ठेका देकर किया जा रहा था जिसमें उच्च कोटि का सामान लगाया जाना था। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि सकारात्मक सोच की राजनीति के तहत विपक्ष का काम होता है कि सरकार की कमियों को जनता के सामने लायें किंतु वर्तमान विधायक ऐसा नहीं कर रहे हैं। उनके कार्यकाल में नगर में आदर्श महाविद्यालय, एम्स बस अड्डा सहित तमाम विकास के काम किए गए वर्तमान विधायक को चाहिए कि सकारात्मक सोच के चलते किच्छा विधानसभा के लिए आईआईएम ट्रामा सेंटर सहित कई अन्य विकास के आयाम की पैरवी करनी चाहिए किंतु वर्तमान विधायक ऐसा नहीं करके ओछी राजनीति कर रहे हैं। चीनी मिल को घाटे से उबालने के लिए इथेनॉल प्लांट लगाना आवश्यक है इस ओर वर्तमान विधायक कोई कार्य नहीं कर रहे हैं जबकि भाजपा सरकार इथेनॉल प्लांट को लगाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की चीनी मिलों को घाटे से उभरने के लिए 300 करोड रुपए का अनुदान भाजपा सरकार के कार्यकाल में और मुक्त हुआ है।बेहड़ किच्छा चीनी मिल के किसानों का अपमान करना बंद करें। चीनी मिल के उद्घाटन में उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित किया गया था वह तो सिर्फ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे। विधायक का दायित्व था कि वह सर्वप्रथम पूजा हवन में उपस्थित होकर बटन दबाकर चीनी मिल का पेराई सत्र का शुभारंभ करते किंतु उन्होंने चीनी मिल प्रांगण में धरना देकर किसानों का ही अपमान किया तथा सरकार का भी अपमान किया है। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने राजेश शुक्ला का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉक्टर मनोज गुप्ता, आर के पांडे, मनमोहन सक्सेना, पूर्व सभासद संदीप पूरन भट्ट, गोल्डी गोराया, मुकेश, विक्की, तरुण पांडे, विवेक, अरुण, राम अवतार अग्रवाल, अवतार मंड,धनीराम, कुलदीप बग्गा, मूलचंद राठौर, राजकूमार कोली, राजकुमार रज्जी,राजकुमार कालरा,प्रमोद ठुकराल, त्रिलोक नेगी, मुन्ना पाठक आदि मौजूद थे।

**भाजपाईयों ने फूंका...**फूंकने वालों में मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर, राकेश भुडडी, चंकी हुड़िया, राजेश गुंबर,संतोष गुप्ता, सतीश छाबड़ा, निर्मल नारंग, उपदेश अरोड़ा, रोहित सुदामा, सतीश मिड्डा जोग सिंह ,रजत हुड़िया, मनी भुसरी, जसवीर सिंह चीमा, हैप्पी चंद्र, पूनम ग्रोवर, कुलबीर चौधरी, राजबाला चौहान, संतोष श्रीवास्तव, प्रमोद कंबोज, सनी बत्रा, रवि पाल, विजय अरोड़ा, विपिन गुप्ता, मनोज शर्मा, मुलखराज अरोड़ा, प्रवीण गिल्होत्रा, गोल्डी चावला, श्याम कालरा,संजय चौधरी, रिजवान प्रधान, जुल्फिकार अली, इंद्रजीत सैनी, कुलबीर चौधरी सहित तमाम भाजपाई बीजेपी नेता मौजूद रहे।

**कोर्ट परिसर में ...**गया कीटनाशक का सेवन कोर्ट परिसर में ही कर लिया, जिससे मौके पर अफरातफरी फ मच गई। आनन फानन में पीड़िता को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

**पुराने पीपल के ..** ने पुराने पीपल के वृक्ष पर आरी चलाकर उसे टुकड़े-टुकड़े कर दिए। हिंदू धर्म में आस्था का केंद्र होने के कारण पीपल का वृक्ष काटने के बाद तमाम लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश फैल रहा है। उधर दूसरी ओर फॉरेस्ट विभाग के रेंजर दस रजवार को इस बारे में जानकारी मिलने पर उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

**शादी का ...**लूंगा। लेकिन अब अपनी शादी कही और कर रहा था। जब पता लगा तो उसने इसका विरोध किया और उसके घर पर गई तो उसके परिवार ने उससे मारपीट की एंव धक्के माकर घर से निकाल दिया साथ ही जान से मारने की धमकी दी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जिंदगी जिंदाबाद समिति ने कराया 21 जोड़ों का विवाह

## सामूहिक विवाह समारोह में विभिन्न राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने दिया आशीर्वाद






रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सामाजिक संस्था जिंदगी जिंदाबाद समिति द्वारा आज विधि विधान से तृतीय सामूहिक विवाह समारोह के तहत 21 वर वधूओं का विवाह करवाया गया। इस इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने नव दंपति को सुखी दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। जिंदगी जिंदाबाद समिति के संस्थापक करमजीत सिंह चानना ने बताया कि इन 21 जोड़ों में आठ दंपतियों का हिंदू रीति रिवाज से और तेरह नव दंपतियों का दशमेश नगर आवास विकास गुरुद्वारे में आनंद कारज कराया गया। उन्होंने बताया कि जिंदगी जिंदाबाद समिति की ओर से गत दिनों पूरे जनपद में भ्रमण कर ऐसी 21 कन्याओं का चयन किया जिनका परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। जिंदगी जिंदाबाद समिति की ओर से उनके विवाह कराने का निर्णय लिया गया। जिसके चलते आज सिटी क्लब में तृतीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया और 21 नव दंपतियों ने अपने नए दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। इस सामूहिक विवाह में गुरु नानक नाम लेवा संगत और श्री गुरु तेग बहादुर जी वेलफेयर ट्रस्ट ने भी अपना सहयोग दिया। सामूहिक विवाह के आयोजन में विधायक शिव अरोड़ा, तिलक राज बेहड़, अरविंद पांडे ,भारत भूषण चुघ, प्रदीप बंसल, सुखबीर सिंह बेदी, सुखबीर सिंह भाटिया, जागीर सिंह, योगेन्द्र सिह, हरप्रीत सिंह, विकास शर्मा, हिमांशु गाबा, विजय भूषण गर्ग, सुरेंद्र ग्रोवर ,अभिषेक अग्रवाल, सुखमीत सिंह, जितेंद्र पाल सिंह, डॉक्टर गौरव अग्रवाल, हरीश अरोड़ा, हरनाम चौधरी, चरणजीत सिंह खालसा, शिवेन सेठी ,दिनेश श्यामपुरिया, उमेश बिष्ट, रितेश मनोचा और विजय बहादुर सिंह ने सभी नव दंपतियों को अपना आशीर्वाद दिया। सामूहिक विवाह समारोह में आये अतिथियों ने कहा कि जिंदगी जिंदाबाद समिति का यह प्रयास बेहद सराहनीय हैं क्योंकि जिंदगी जिंदाबाद की टीम सदैव जनहित में कार्य करती है और पूर्व में भी सामूहिक विवाह का आयोजन करवा चुकी है ऐसे में समाज के सभी लोगों को बढ़-चढ़कर जिंदगी जिंदाबाद समिति का सहयोग करना चाहिए तथा उनके इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा करनी चाहिए। इस मौके पर आवास विकास गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ,गोल मार्केट गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और पांच मंदिर के भी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे । जिंदगी जिंदाबाद समिति के संस्थापक चानना ने बताया कि इससे पूर्व 65 जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है और जिंदगी जिंदाबाद की टीम फूड बैंक भी चलाती है जहां प्रतिदिन सैकड़ो लोगों को मात्र 5 रूपये में भोजन उपलब्ध कराया जाता है । उन्होंने कहा कि जिंदगी जिंदाबाद टीम निरंतर समाज के उत्थान व असहायों की मदद के लिए प्रयासरत रहेगी । इस दौरान जिंदगी जिंदाबाद टीम से लवली लांबा ,हरजिंदर सिंह लाडी, हरप्रीत सिंह ,बलविंदर सिंह बल्लू, इकबाल सिंह, गुरविंदर सिंह ,बलजीत सिंह ,गुरजंट सिंह, गुरविंदर सिंह सोनू ,दलजीत सिंह खालसा ,हिमांशु सुखीजा, बलजीत कौर ,प्रियंका सचदेवा, परमजीत कौर ,पूजा चंदेल, मानवी, शिल्पा, सलोनी आदि मौजूद थे।



## सामूहिक विवाह समारोह में यह जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



रूद्रपुर। सामूहिक विवाह समारोह में रामपुर निवासी पिंकी का बरेली निवासी विकास से, बसगर निवासी मांगा श्याम का लम्बाखेड़ा निवासी गुरमेज कौर से, नजीमाबाद निवासी कोडौ कौर का बसगर निवासी सतपाल सिंह से, बरखी डांडी निवासी कमलजीत कौर का पिपलिया पिस्तौर निवासी गुरनाम सिंह से, ग्राम टुकड़ी निवासी काजल का जोगीपुरा निवासी गुरमुख सिंह से, ग्राम हरिया निवासी मनजीत कौर का देवीपुरा निवासी जसवंत सिंह से, तलियापुर चोरगलिया निवासी राजेश्वरी का सितारगंज निवासी प्रतीक सिंह से, शक्तिफार्म निवासी नीतू कौर का देवीपुरा निवासी गुरमीत सिंह से, कोटखर्रा निवासी सुमन कौर का तीनपानी फिरोजपुर निवासी अजय कुमार से, रामपुर निवासी अंजू का नारायणपुर निवासी विक्रम सिंह से, गदरपुर निवासी गुरजीत कौर का गूलरभोज निवासी निशान सिंह से, जसपुर निवासी हरविन्दर कौर का जोगीपुरा निवासी अजय सिंह से, बसगर निवासी सीता कौर का बरगदपुर निवासी जसविन्दर सिंह से सहित कुल 21 वर वधूओं का विवाह सम्पन्न हुआ । सामूहिक विवाह समारो के आयोजक जिंदगी जिंदाबाद के सदस्य लवली लांबा ,हरजिंदर सिंह लाडी, हरप्रीत सिंह ,बलविंदर सिंह बल्लू, इकबाल सिंह, गुरविंदर सिंह ,बलजीत सिंह ,गुरजंट सिंह, गुरविंदर सिंह सोनू ,दलजीत सिंह खालसा ,हिमांशु सुखीजा, बलजीत कौर ,प्रियंका सचदेवा, परमजीत कौर ,पूजा चंदेल, मानवी, शिल्पा, सलोनी आदि मौजूद थे। आयोजक संस्था द्वारा सभी के लिए नाश्ता व भोजन के साथ उपहार की व्यवस्था की गई थी।

# 'घातक' हो सकता है 'कम उम्र' में मोबाइल का 'साथ'

- कम उम्र में मोबाइल फोन का अधिक प्रयोग में दे रहा है कई तरह के मानसिक विकार
- युवाओं में देखे जा रहे हैं अवसाद ,हिंसात्मक प्रवृत्ति एवं आत्महत्या करने के लक्षण
- कम हो रही सामाजिकता ,पुरूष और महिलाएं भी मानसिक दुष्प्रभाव से अछूती नहीं

-अर्श-

रूद्रपुर। मोबाइल का दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बनने के बाद ,बच्चों का मन बहलाने के लिये झुनझुने की तरह मोबाइल थमाने का जो फैशन शुरू हुआ है ,उसके घातक प्रभाव अब सामने आने लगे हैं। हाल ही हुए एक अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन इस बात का खुलासा हुआ है कि कम उम्र के बच्चों को स्मार्टफोन दिये जाने से उनके युवा अवस्था में पहुंचने पर कई तरह के मानसिक विकार उभर रहे हैं। बताना होगा कि वैश्विक स्तर पर हुए इस सर्वेक्षण के निष्कर्षों में मोबाइल फोन तथा टैब के उपयोग के दुष्प्रभावों का जिक्र किया गया है। चिंताजनक पहलू तो यह है कि छोटी उम्र में मोबाइल फोन के अधिक उपयोग से ऐसे बच्चों में वयस्क होने पर आत्महत्या जैसे घातक विचारों तक का प्रवाह देखा गया है। उनमें अपने यथार्थ से विमुख होने और दूसरों के प्रति आक्रामक व्यवहार का रुझान भी देखा गया है। मोबाइल के दुष्प्रभाव को लेकर यह सर्वेक्षण अमेरिका की एक गैर लाभकारी संस्था द्वारा दुनिया के करीब 28 हजार वयस्कों पर किया गया है। करीब चालीस देशों में कराये गये। इस सर्वे में चार हजार युवा भारत के भी शामिल थे। सर्वे में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े प्रभावों का व्यापक विश्लेषण किया गया। सर्वेक्षण के निष्कर्षों पर आधारित तथ्यों के बाबत वैज्ञानिकों का कथन है कि छोटी उम्र में बच्चों को मोबाइल फोन दिये जाने से उनके वयस्क होने पर मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर ज्यादा पड़ने की आशंका है। सर्वेक्षण में पाया गया है कि छह वर्ष की उम्र में स्मार्टफोन का इस्तेमाल शुरू करने वाली 74 फीसदी वयस्क महिलाओं को गंभीर मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें अवसाद भी शामिल है। इसी प्रकार दस वर्ष से स्मार्ट फोन का इस्तेमाल शुरू करने वाली वयस्कों में से 61 फीसदी और पंद्रह वर्ष से इस्तेमाल शुरू करने वाली युवतियों में 52 फीसदी में ये दुष्प्रभाव नजर आये। वहीं 18 वर्ष की होने पर स्मार्टफोन का प्रयोग करने वाली युवतियों द्वारा ऐसी चुनौती का सामना करने का प्रतिशत 46 फीसदी था। कमोबेश युवकों में भी इसी तरह छह साल की उम्र से स्मार्टफोन का इस्तेमाल शुरू करने वालों का मानसिक दुष्प्रभावों का सामना करने वाला प्रतिशत 42 था। साथ ही 18 साल से स्मार्टफोन इस्तेमाल शुरू करने वालों का प्रतिशत 36 फीसदी था। इस तरह कम उम्र में मोबाइल प्रयोग का संबंध सीधा मानसिक समस्याओं के बढ़ने के रूप में पाया गया। यानी छोटी उम्र में फोन के उपयोग से मानसिक दिक्कतों में अधिक वृद्धि हुई है। ऐसे लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति के विचार आने, दूसरों के प्रति आक्रामकता, अपने जीवन की वास्तविकता से दूर होने तथा समाज से अलग आत्मकेंद्रित होने की प्रवृत्ति देखी गई है। वहीं बीते साल जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय परिवारों में दस से चौदह वर्ष के बच्चों में स्मार्टफोन के उपयोग का प्रतिशत 83 फीसदी था, जो वैश्विक स्तर पर उपयोग के औसत से सात फीसदी अधिक था। वैसे अभी यह अध्ययन विस्तार से होना बाकी है कि छोटी उम्र में फोन का इस्तेमाल शुरू करने से युवा अवस्था में बच्चों में मानसिक समस्याएं और व्यवहार में आक्रामकता क्यों पैदा हो रही है और इसके क्या समाधान हो सकते हैं? लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि बच्चे पांच से आठ घंटे रोज ऑनलाइन रहते हैं।निस्संदेह बच्चे इससे पहले इस समय का उपयोग परिवार के लोगों और मित्रों के साथ व्यतीत करते थे। स्पष्ट है कि मोबाइल के बढ़ते प्रचलन से बच्चों में समाजीकरण की प्रक्रिया बाधित हुई है। जिसके चलते उनमें सामाजिक चुनौतियों से सामंजस्य बैठाने की क्षमता का ह्रास होता है और वे छोटी-छोटी चुनौतियों से हारने लगते हैं। जिससे उनके व्यवहार में आक्रामकता आती है और उनका मानसिक स्वास्थ्य बाधित होता है। इससे उनमें आत्महत्या जैसे विचार प्रभावी होने लगते हैं।निस्संदेह, यह एक गंभीर चुनौती है। सरकार व समाज को इस दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए ।विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों का मोबाइल से ध्यान हटाकर उन्हें खेलों में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित करने की जरूरत है।योग व मेडिटेशन भी इस समस्या में दवा का काम कर सकते हैं। यह इन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। जरूरत इस बात की है कि सरकार, समाज एवं अभिभावक समय रहते इस दुष्परिणाम को महसूस करें और बच्चों को अवसाद से बाहर निकलने की दिशा में एक पहल करें।

